
## एक नजर में

### स्थापक दंपती नर्मदा परिक्रमा पर रवाना



**देवास।** स्थापक दंपति महेंद्र स्थापक, सुधा स्थापक, अनिल तिवारी, कंचन तिवारी नर्मदा परिक्रमा पर निकले। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा, सतीश दुबे, दीपक जोशी, सिद्धार्थ अवस्थी, घनश्याम पंडित, चंद्रशेखर दुबे, अशोक चौबे आदि ब्रह्म बंधुओं ने सभी का स्वागत करके नर्मदा परिक्रमा की शुभमंगल कामना की।

### रावला चौक में आए दिन लगता है जाम



**टोंक खुर्द।** नगर खुर्द मे नगर परिषद के पदस्थ जवाबदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश वैद्य द्वारा नगर मे अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारी द्वारा तीन दिवस का नोटिस जारी किया गया था उसके बाद भी कोई किसी प्रकार से अतिक्रमण नहीं हटाया गया गंभीर लापरवाही के कारण टोंक खुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना द्वारा शासन की जनसुनवाई मे इस संबंध मे पत्रकारों द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर मुद्दा उठाया गया था लेकिन आज तक भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। आवागमन वाहनों का आए दिन जाम लगा रहता है एवं दूसरी तरफ टोंक खुर्द मे परीक्षा चल रही है विद्यार्थियों की जो यदि किसी आमजन एवं विद्यार्थियों की किसी वाहनों से दुर्घटना मे एक्सीडेंट वं मौत होगी तब नगर परिषद के पदस्थ जवाबदार अधिकारी की नींद खुलेगी एसडीएम संजीव सक्सेना ने जनसुनवाई मे दिये निर्देश का भी असर दिखाई देता है। नगर सहित क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से शीघ्र ओचक निरीक्षण कर एवं जवाबदार अधिकारी के विरुद्ध वैधानिक दंडात्मक कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग रखी है।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**देवास।** श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उमावि क्रमांक 1 के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मिर्जा मुशाहिद बैग ने बताया कि 4 से 10 फरवरी 2026 तक ग्राम बालोदा में विद्यालय के स्वयंसेवकों (विद्यार्थियों) द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन 12 फरवरी को किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बालौदा के सरपंच पवन चौधरी, सचिव दिनेश गुर्जर एवं नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक की प्रभारी प्राचार्य प्रीति जोशी उपस्थित रही। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य श्रीकृष्ण कुमार मिश्रा, राधेश्याम सोलंकी, सादिया खान,लोकेश सांवलिया, लोकेश दुबे, अनुज जायसवाल, जितेंद्र चौधरी तथा बालोदा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक संतोष बारोलिया ने किया। प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार मिश्रा ने शिविर संबंधी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्रों ने ग्राम में सफाई अभियान चलाया डिजिटल शिक्षा के विषय में एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गई एवं सदैव सेवा भावना से कार्य करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। शिविर दौरान केपी कॉलेज के प्राध्यापक गण डॉ लीना दुबे एवं प्रो संदीप सिंह नगर ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो डॉ शेखर मेदमवार ने भी वर्चुअल के माध्यम से स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुवे कहा कि आपने सात दिवसीय शिविर में बहुत अच्छा कार्य किए है इसलिए आप सभी बधाई के पात्र है,तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक एवं साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रमोद पलासिया ने भी मोबाइल के माध्यम से छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पवन चौधरी ने छात्रों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जीवन में सफल होना है तो सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करें उनके बताए हुए रास्ते पर चलें। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रीति जोशी एवं शिक्षक संतोष बरोलिया ने भी छात्रों को संबोधित किया। अतिथियों द्वारा सभी छात्रों को ग्राम पंचायत बालोदा की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिर्ज़ा मुशाहिद बैग ने किया एवं आभार अनुज जायसवाल ने माना।

### दीक्षा दिवस आयोजन के लिए दिए जा रहे आमंत्रण

**बागली।** 17 फरवरी 1981 को संत रामपाल महाराज ने अपने गुरु देव स्वामी राम देवानंद से नाम दीक्षा प्राप्त की थी, इसी दिन से उनका अनुसरण करने वाले अनुयाई तीन दिवसीय दिक्षा दिवस के रूप में मनाते आ रहे है। इस वर्ष भी 15- 16 एवं 17 फरवरी 2026 को 39 वा बौद्ध दिवस परंपरा अनुसार ग्राम कीठोदा में संपन्न होगा इसके लिए संत रामपाल के अनुयाई बागली नगर सहित आसपास के क्षेत्र में आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं। शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार सुनील योगी के घर यह प्रतिनिधि मंडल पहुंचा और प्रतिनिधि मंडल ने उनके माता-पिता का आशीर्वाद लिया साथ ही नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करने की बधाई दी इसके बाद उन्हें निमंत्रण दिया मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस दौरान आध्यात्मिक सत्संग दहेज मुक्त विवाह रक्तदान शिविर और ज्ञान गंगा पुस्तक प्रदर्शनी के साथ-साथ भोजन भंडारा भी आयोजित होगा इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशा और दहेज मुक्त बनाना।

### शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग के दौरान झूमे श्रद्धालु



**कांटाफोड़।** नगर में संत बालक दास बाबा के द्वारा समायोजित श्री शिवमहापुराण कथा का आज पंचम दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रख्यात कथावाचक पंडित ब्रजेश जी शास्त्री के मुखारविंद से शिवमहापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडित ब्रजेश जी शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिव ही सृष्टि के आधार हैं। उन्होंने कथा में शिवभक्ति, सदाचार, सेवा और समर्पण का महत्व बताया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण को शिवमय बना रहे थे। पंचम दिवस पर विशेष रूप से शिव-पार्वती विवाह प्रसंग एवं भक्तों के जीवन में शिवमहिमा के प्रभाव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर रहे है।

## सवर्ण समाज ने निकाली यूजीसी की शव यात्रा



### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**देवास।** देवास नगर में सामान्य वर्ग के विभिन्न संगठनों द्वारा एकजुट होकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए प्रावधानों के विरोध में शव यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत सयाजी द्वार पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

सभा को संबोधित करते हुए समाज प्रमुख पंडित दिनेश मिश्रा, रजनीश पोरवाल, राजेश जैन, सुभाष शिंदे, अनिल पंजवानी, ललित शर्मा, ईश्वर सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह गौड़, किशोर सिंह राजपूत, हरजीत सिंह खनूजा, सोहन अग्रवाल एवं राम श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आज सवर्ण खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। हमारी आवाज उठाने के लिए सभी को संगठित होकर आगे आना होगा। हम लोग पहले से ही आरक्षण, एससी एसटी एक्ट, ओर छात्रवृत्ति की विसंगतियों से परेशान थे अब ये नया यूजीसी कानून ओर आ गया गया। ये निश्चित है सवर्ण को समाप्त करने की साजिश है। इसके दुरुपयोग से बच्चों का भविष्य तबाह तक हो सकता है।

मंच से ही 17 वर्षीय विद्यार्थी आद्या दुबे ने भी शिक्षा व्यवस्था पर संभावित प्रभावों को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य दुबे द्वारा किया गया। आभार विशाल रघुवंशी ने माना। यात्रा का नेतृत्व सवर्ण समाज प्रमुख काला कानून वापस लो के बैनर के साथ कर रहे थे। यात्रा में समाजजन यूजीसी कानून वापस लो, हम अपना अधिकार मांगते हैं जैसे नारों के साथ आगे बढ़े। एम.जी. रोड से होते हुए यात्रा जवाहर चौक पहुंची, जहां राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन का वाचन कर पंडित दिनेश मिश्रा ने एसडीएम अभिषेक शर्मा को सौंपा। तत्पश्चात प्रतीकात्मक रूप से यूजीसी के पुतले का दाह संस्कार किया गया।

पिछले 15 दिनों से आयोजन की तैयारी कर रहे संजय शुक्ला, सुभाष शिंदे, उमेश निम्बालकर, राजेंद्र संघवी, सुरेंद्र सिंह गौड़, तूफान सिंह सोलंकी, शैलेन्द्र चौधरी, अशोक सोमानी, छोटू पांडे, विमल शर्मा, नयन कानूनगो, प्रदीप खरे, महेंद्र उपाध्याय, सुरेश चव्हाण, सोनू पंजाबी, आकाश अवस्थी, प्रमोद जाधव, शिव कुमार संघवी, सुनील जैन, अनूप जैन, आशुतोष श्रीवास्तव , महेंद्र व्यास, रितेश शर्मा, संदेश तिवारी, माताप्रसाद शर्मा, दीपक व्यास, भरतेश जैन, मनोज आहूजा, आयुष भूतड़ा, सुनील भटेले, प्रतीक पंडित, सिद्धार्थ अवस्थी, श्रीकांत उपाध्याय, सुदर्शन दुबे, कपिल व्यास, श्रवण कुमार कानूनगो, दीपक जोशी, चंद्रशेखर दुबे, शैलेन्द्र जैन, मधुसूदन शर्मा, वासुदेव शर्मा, अशोक कुमार चौधरी, अरविंद तिवारी, सुभाष पंड्या, सुरेश फरक्या, , आनंद दुबे, पवन गोयल, रोहित उपाध्याय, दिनेश पोरवाल, कीर्ति चव्हाण, गजानन देशमुख, संजय मालुसरे, भालचंद्र ताकोने, दिलीप सुपेकर, मनोज श्रीवास्तव, माँगेश शर्मा, अशोक पेशवानी, पुरन तलरेजा, कन्हैयालाल नेनानी, मनोज आहूजा, संजय तलरेजा, नंदू खत्री, सुरेश शर्मा सहित लगभग 2000 से अधिक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ।

## देवास के खिलाड़ियों ने सॉफ्ट टेनिस चैंपिनशिप में जीता गोल्ड



### कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि लुधियाना पंजाब में दिनांक 03 से 08 फरवरी 2026 तक खेली गई 2 री एशियन जूनियर सॉफ्टटेनिस चैंपिनशिप में देवास के खिलाड़ियों भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिंगल्स अंडर 18 निपुण सांगते ने थाईलैंड को व अंडर 15 में आदित्य बालोदिया ने एवं टीम इवेंट्स में अनुष्का दवन्दे ने चीन को परास्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ियों के स्वर्ण पदक जीतने पर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन खिलाडियों ने देवास का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया मैं जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए जो भी संभव सहयोग होगा उसे उसे करने की पूर्ण कोशिश करूंगा। मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते, कोच गौरव कदम ,कोच प्रीति पंवार ,कमल सिंह,आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## महर्षि गौतम हाई स्कूल में विदाई समारोह संपन्न






### सीनियर्स ने जहां अपने अनुभव बताए, वहीं जूनियर्स से कड़ी मेहनत की बात कही

कांटाफोड़। नगर के महर्षि गौतम हाई स्कूल कांटाफोड़ में कक्षा 9वी के बच्चों ने 10 वींके बच्चों का विदाई समारोह किया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवी के बच्चों ने साथ विताये पलों को याद कर उन्हे अग्रिम भविष्य की शुभकामना दी वही सीनियर्स ने अपना अनुभव बता कर जूनियर्स से अच्छी पढ़ाई कर स्कूल के कार्यक्रमों में बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही।कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमति अर्चना शर्मा, संचालक बालकृष्ण शर्मा ने शब्दों के माध्यम से बच्चों को बिदाई देते हुवे कहा की आज आप स्कूल से विदाई जरूर ले रहे है हम ईश्वर से कामना करते हैं की आपका भविष्य उज्जवल हो ओर आप हमेशा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर स्कूल एवं अपने परिवार का नाम रोशन करें। विद्यार्थी और शिक्षक का साथ तो जीवन भर रहेगा। कभी भी शिक्षा के मार्ग में आवश्यकता पड़े तो जीवन पर्यन्त तक आपकी हर संभव मदद की जाएगी।

## किसान कांग्रेस ने कृषि ट्रेड डील का विरोध कर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेसी बोले... ट्रेड डील से सोयाबीन और डेयरी उत्पादक किसानों पर बड़ा खतरा



**देवास।** भारत सरकार की कृषि ट्रेड डील का विरोध करते हुए किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में देवास जिलाधीश के नाम आवेदन तहसील परिसर हाटपिप्लिया में तहसीलदार सोनम भगत को दिया।

ज्ञापन का वाचन करते हुए विश्वजीत सिंह चौहान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई कृषि ट्रेड डील मे सोयाबीन तेल पर शून्य प्रतिशत टैरिफ आयत का फैसला देश के किसानों खासकर मध्यप्रदेश के सोयाबीन उत्पादकों के लिए बेहद चिंताजनक है। मध्यप्रदेश को देश का सोयाबीन राज्य कहां जाता है जहां लाखों किसान अपनी रोजी-रोटी के लिए सोयाबीन की खेती पर निर्भर है जब विदेशी सोयाबीन तेल बिना किसी टैरिफ के भारत में आएगा तो बाजार में उसकी कीमत कम होगी और स्थानीय सोयाबीन की मांग व कीमत दोनों गिरेगी। इसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ेगा। सोयाबीन के दाम गिरेंगे, तेल मिलो की खरीद घटेगी, किसानों के लिए लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। सिर्फ सोयाबीन ही नहीं इसका असर डेयरी सेक्टर पर भी पड़ेगा, जब चीज मक्खन और दूध से जुड़े उत्पादों का आयात भी शुन्य शुल्क पर होगा तो देश के दुग्ध उत्पादको पर दबाव बढ़ेगा। कृषि आधारित पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था आपस में जुड़ी हुई है जब फ़सल आमदनी घटेगी तो पशुपालन और डेयरी भी प्रभावित होगी ,कुल मिलाकर यह फैसला किसानों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर सकता हैं और मध्यप्रदेश सहित पुरे देश के सोयाबीन व डेयरी किसानों की कमर तोड़ने जैसा साबित हो सकता है। कृषि नीति बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आत्मनिर्भर कृषि और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सपना साकार हो सके। पूर्व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष किशोर चौहान,पार्षद राजेश तंवर ने किसानो को संबोधित किया। आभार जनपद सदस्य गब्बर चौहान ने माना। इस अवसर पर शिप्रा ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, प्रदेश सचिव ब्रजपाल सिंह राजावत, पूर्व पार्षद कविता पटेल, जगदीश जाट, सफी मंसूरी, सुरेंद्र सेंधव, विजय ठाकुर, अरविंद मुकाती, जितेंद्र गोठी, सुनील नागर, पप्पू बालानी, महरबान सिंह, मान सिंह , मुकेश सोलंकी, हुक्म सिंह, श्रवण सिंह चौहान, आकाश टांक, हैमर सिंह नागर, सतीश ठाकुर कैलाश नागर, आसिक भाई ,अर्जुन सोलंकी,शेखर पटेल,रोशन नागर,आशीष मेश्रा,प्रथम भोजक सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान साथी मौजूद रहे।

## पवार की पटकथा पर महादेव महोत्सव में नृत्य नाटिका



**देवास।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित महादेव महोत्सव में नगर के युवा लेखक एवं इतिहासविद अमित राव पवार द्वारा लिखित पटकथा एवं संवादों पर आधारित भव्य नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति घुंघरू नृत्य कथक एकेडमी,देवास के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आयोजित होगा। कार्यक्रम 15 फरवरी, सायं 6.30 बजे, श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हाल में संपन्न होगा। महादेव महोत्सव शिव-तत्व की कलात्मक अभिव्यक्तियों पर केंद्रित रहेगा, जिसमें लोक गायन,शिव-आधारित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ होंगी। इसी क्रम में अमित राव पवार द्वारा लिखित पटकथा एवं संवादों पर आधारित नृत्य नाटिका का विशेष मंचन किया जाएगा। घुंघरू नृत्य कथक एकेडमी के संचालक प्रफुल्ल गहलोत ने बताया कि इस पटकथा में भगवान शिव एवं माँ गंगा से संबंधित कथा को भावनात्मक एवं कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। कथा में माँ गंगा के धरती पर अवतरण के साथ-साथ वर्तमान समय में उनके दर्द और पीड़ा को भी संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी अमित राव पवार द्वारा लिखित माँ नर्मदाविषयक पटकथा एवं संवाद लेखन पर भोपाल की कल्याणी नृत्य कला कौशल समिति द्वारा बरमानघाट,नरसिंहपुर में आयोजित मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के माँ नर्मदा जयंती निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत सुंदर नाट्य-कथक प्रस्तुति दी जा चुकी है। श्री पवार ने पूर्व में माँ अहिल्याबाई होलकर पर एक शोध पत्र भी प्रस्तुत किया था, जिसे पुरस्कृत किया गया। वे पिछले 24 वर्षों से लेखन क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा उनके आलेख विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निरंतर प्रकाशित होते रहे हैं।

## कुर्की व तालाबंदी की तो बकायादारों ने बकाया राशि जमा की



**देवास।** निगम सीमा क्षेत्र के स्थित भवनों, भूमियों के संपत्तिकर की बकाया राशि की वसुली हेतु निगम की टीम निरंतर कुर्की व तालाबंदी की कार्रवाई कर रही है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार निगम की टीम सख्ती से वसुली कर रही है। राजस्व वसुली कार्रवाई में वसुली दल द्वारा वार्ड 39 सरदार पटेल मार्ग निवासी गुलाम हुसैन जुम्मन खॉ के भवन एवं महेश हजारीलाल चौधरी के भवन पर कुर्की की कार्रवाई की तो संबंधित बकायादार द्वारा कार्रवाई के दौरान गुलाम हुसैन जुम्मन खॉ के द्वारा 20 हजार की राशि, महेश हजारीलाल के द्वारा 20 हजार की राशि मौके पर जमा की गई। इसी प्रकार अन्य बकायादरों को तामिल सख्ती पत्र के अनुसार संबंधित बकायादारो पर सख्त कार्रवाई करते हुये दुकान भवनों पर तालाबंदी की कार्रवाई की जावेगी। जिन बकायादरों द्वारा जलकर की राशि बकाया जमा नही करने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ अर्थदण्ड राशि की भी वसुली की जावेगी। इसी अन्तर्गत वसुली की कार्रवाई के दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग की भी टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बिना लायसेंस व्यवसाय करने पर 18 व्यवसाईयों के मौके पर लायसेंस की कार्रवाई कर 45 हजार की राशि की वसुली की गई। कार्रवाई के दौरान निगम राजस्व अधिकारी अनूभुती श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, भूषण पवार, सहायक राजस्व निरीक्षक रविन्द्रसिंह ठाकुर, संजय सांगते, विशाल पाटील, गोतम तिवारी व टीम उपस्थित रही।

एक नजर — आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, ऋतुचर्या और होम्योपैथी के साथ निदान की पहल

## वृद्धजनों को निरोगी बनाने के लिए आयुष विभाग ने वृद्धाश्रम बसेरा में कई गतिविधियां







**देवास।** बुजुर्गों के शारीरिक, मानसिक, सामजिक और आध्यात्मिक विकास के बड़े लक्ष्य को लेकर उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, ऋतुचर्या और होम्योपैथी के साथ निदान की पहल आयुष विभाग ने जिले में प्रारम्भ की है। देवास के बसेरा वृद्धाश्रम में आयोजित गतिविधि सह स्वास्थ्य शिविर में कई बुजुर्गों को स्वस्थ और प्रसन्न रहने की राहें सुझाई गई। स्वास्थ्य शिक्षा आधारित संवाद प्रदर्शनी के आयोजन के साथ बुजुर्गों के बीपी-शुगर की जाँच भी की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ मोहन वर्मा ने बुजुर्गों के प्रति शासन की इस संवेदनशील सोच को महत्त्वपूर्ण कदम निरुपित किया। उन्होंने कहा कि यह सच्चे अर्थों में वृद्धजनों की सेवा की पहल है। जिन्होंने जीवनभर समाज की सेवा की, अब वृद्धावस्था में उनकी सेवा और उन्हें प्रसन्न रखने की कवायद स्वागतयोग्य है। जिला आयुष अधिकारी डॉ ममता जूनवाल ने कहा कि वृद्धजनों को निरोगी बनाने के लिए आयुष विभाग कटिबद्ध है और इस दिशा में विभाग ने आयुर्वेद तथा होम्योपैथी के शिविर आयोजित कर काम शुरू कर दिया है। डॉ प्रमोद जैन और पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने भी वरिष्ठजनों को समाज के साथ जोड़कर उनके शारीरिक, मानसिक, सामजिक और आध्यात्मिक विकास के लिए लगातार काम करने पर ज़ोर दिया। इससे पूर्व मनीष वैद्य ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की ऐसी विरासत हैं, जिनके पास अपने जीवन से अर्जित ज्ञान के अनुभवों का बड़ा ख़ज़ाना है। उनकी सेवा हमारा नैतिक दायित्व भी है और समय की आवश्यकता है। हमारा समाज उनसे बहुत कुछ ग्रहण कर सकता है। बसेरा वृद्धाश्रम के प्रबन्धक दिनेश चौधरी ने यहाँ चलने वाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि जब इन वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान और ख़ुशी दिखती है तो मुझे लगता है कि अपने जीवन में कुछ सार्थक कर सका। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रीति बाला पाटीदार ने आभार व्यक्त किया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाषचन्द्र भार्गव तथा डॉ आलोक जैन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ नीरज गुप्ता, डॉ दीपेश सोलंकी, डॉ कल्पना चौहान तथा डॉ आकांक्षा कुशवाह ने गतिविधियों में सहयोग किया. सामाजिक सुरक्षा अधिकारी तमन्ना कोचले भी उपस्थित रहीं।

मध्यप्रदेश शासन के स्टेट एक्शन प्लॉन फॉर सीनियर सिटीज़न के अंतर्गत जिला प्रशासन, आयुष विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने वरिष्ठजनों के लिए होलिस्टिक वेल-बीइंग शिविर का आयोजन शुक्रवार को वृद्धाश्रम बसेरा में किया। आयोजन में विनोद मालवीय, चतुर्भुज तिवारी, लीलाधर पवार, दिलीप पवार, सरिता पवार, गौरी जोशी आदि का सहयोग रहा।